याद तुम्हारी आए बाबा

याद तुम्हारी आई बाबा हमसे मिलने आ जाओ,
किन हालात में जीवन नैया नैया पार लगा जाओ,

मन की दुविधा तू ही जाने क्यों ये रात अँधेरी है,
आजा मोहन आजा गिरधर अब काहे की देरी है
अर्जी हमारी अब ये बाबा नैया पार लगा जाओ
याद तुम्हारी आई बाबा हमसे मिलने आ जाओ,

खाटू वाले सेठ सांवरिया तू ही मेरा सहारा है
तुझको ही चाहू तुझको ही मांगू तू विस्वाश हमारा है
नही गुजारा इस जीवन का आके दर्श दिखा जाओ
याद तुम्हारी आई बाबा हमसे मिलने आ जाओ,

तेरी किरपा से ही मैं बाबा ये परिवार चलाता हु
बिन मांगे सब तूने दिया है तेरा दिया मैं खाता हु
इज्ज़त ये अब दाव लगी है लाज बचाने आ जाओ
याद तुम्हारी आई बाबा हमसे मिलने आ जाओ,

हार गया मैं जब से बाबा तू हारे का सहारा है
संकट की इस घडी में बाबा तू तिनके का सहारा है
करदे दया सचिन पे बाबा मोर छड़ी लेहरा जाओ
याद तुम्हारी आई बाबा हमसे मिलने आ जाओ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17801/title/yaad-tumhari-aaye-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |